Title: Need to rehabilitate people belonging to minority community affected by devastating fire in Chail Parliamentary Constituency, U.P.- Laid.

श्री शैलेन्द्र कुमार (चायल) : अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र चायल में दिनांक 30.05.2004 को दिन के 12.30 बजे करैली (अबुवर्क) मस्जिद के पास अचानक वहां बसे गरीब मजदूर (अल्पसंख्यक) समुदाय के बस्तियों में आग लगी, जिसमें जान-माल का भारी नुकसान हुआ है। लगभग 12 लोगों की जानें गयीं, काफी संख्या में लोग घायल (झुलस) हुए हैं। हादसे में ज्यादातर लोग एक समुदाय के (अल्पसंख्यक) हैं, जो रोज के कमाने-खाने वाले हैं।

मैं भारत सरकार से मांग करता हूं कि उपरोक्त आगजनी से पीड़ित लोगों को बसाया जाये एवं उन्हें रोजगार मुहैया कराने की कृपा करें।